MAY 2022 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — ($10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. आशा सर्ग का उद्देश्य क्या है?
2. कवि मुक्तिबोध लोगों से दूर क्यों हैं?
3. कवि कल्पना को विलासीनी बनने के लिए क्यों कहते हैं?
4. शिव मंगल सिंह सुमन वास्तविक जीवन किसे मानते हैं?
5. 'भारती की आरती' कविता का उद्देश्य क्या है?
6. 'आनेवालों से एक सवाल' कविता में विज्ञान के प्रति कवि का विचार क्या है?
7. छायावाद से तात्पर्य क्या है?
8. प्रगतिवाद के किन्हीं चार कवियों के नाम गिनाइए।
9. नई कविता में प्रस्तुत यथार्थवादी दृष्टि का परिचय दीजिए।

10. कहानीकार जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए।

11. हिन्दी एकांकी के आरंभिक रूप का परिचय दीजिए।

12. एकांकीकार रामकुमार वर्मा का परिचय दीजिए।

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पांच की संदर्भ सहित व्याख्या लिखिए।

13. उषा सुनहले तीर बरसती
जय लक्ष्मी-सी उदित हुई
उतरी पराजित कालरात्रि भी
जल में अंतर्निहित हुई।

14. अकेले में साहचर्य का हाथ है
उनका जो तुम्हारे द्वारा गर्हित है
किन्तु वे मेरी व्याकुल आत्मा में बिंबित हैं, पुरस्कृत हैं
इसीलिए, तुम्हारी मुझ पर सतत आघात है।

15. किसी असीम सत्य के रहस्य गीत गा रही है।
आज तक उदास यों कभी दिखी न रूप-सी
सफेद बर्फ पर बिछी मलीन खिन्न धूप सी
गीत खो गये कहाँ
छन्द सो गये कहाँ
कहाँ गये संगीत के सजीव स्वर सुभाषिनी
कल्पने उदासिनी।

16. चाहे हृदय को ताप दो
चाहें मुझे अभिशाप दो
कुछ भी करो कर्तव्य-पथ से किन्तु भागूँगा नहीं।

17. गर्व आज करता है एशिया
अरब, चीन, मिश्र, हिन्द एशिया
उत्तर की लोक-संघ शक्तियाँ
युग-युग की आशाएँ वारती।

18. यह किसान कमकर की भूमि है।
पावन बलिदानों की भूमि है
भव के अरमानों की भूमि है
मानव इतिहास को सँवारती है।

19. संसार भर में शांति का मंत्र फूँकता रहा
पर जिसे अपने ही बीच घर में
भाई-भाई के बीच दीवार खड़ी करनी पड़ी
जो पराधीन देश की मुक्ति में लगा रहता था
पर जिसके अपने ही अंग पराये बंधन में जकड़े रहे।

SECTION C — ($3 \times 10 = 30$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. 'कवि और कल्पना' कविता का मूल्यांकन कीजिए। ($1 \times 10 = 10$)

अथवा

21. 'वरदान मांगूँगा नहीं' कविता का सारांश लिखिए।

22. छायावादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

$(1 \times 10 = 10)$

अथवा

23. हिन्दी कहानी साहित्य के उद्‌भव और विकास पर एक लेख लिखिए।

24. किन्हीं दो की टिप्पणी लिखिए। $(2 \times 5 = 10)$

(a) मैथिली शरण गुप्त

(b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(c) रामधारी सिंह दिनकर

(d) मोहन राकेश।
